कार्यालय पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट प्रयागराज

OFFICE OF THE COMMISSIONER OF POLICE, COMMISSIONERATE PRAYAGRAJ

पत्र संख्याः सीए/सीपी-68/2023 **दिनांक** : अप्रैल , 2023

आदेश

दिनांक 15.04.2023 को अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण के लिए ले जाते समय पुलिस अभिरक्षा में अभियुक्तगण अतीक अहमद व खालिद अजीम उर्फ अशरफ की हत्या के संबंध में थाना शाहगंज पर मु0अ0सं0 37/2023 धारा 302/307 भा0द0वि0, 3/7/25/27 आयुध अधिनियम, 1959 व 7 आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 1932 का अभियोग पंजीकृत किया गया है, जिसकी विवेचना थानाध्यक्ष शाहगंज कमिश्नरेट प्रयागराज द्वारा सम्पादित की जा रही है।

उक्त मुकदमा (मु0अ0सं0 37/2023 थाना शाहगंज) की विवेचनात्मक कार्यवाही में काफी संख्या में गवाहों के कथन/साक्ष्य, अभिलेखीय/इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों के संकलन, वैज्ञानिक/फॉरेंसिक साक्ष्यों का संकलन करने, विधि विज्ञान प्रयोगशाला से परीक्षण कराने, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापरक विवेचना सुनिश्चित करने के प्रायोजन से यह विवेचना विशेष जांच दल (एस0आई0टी0) से कराया जाना समीचीन है।

अतः मु0अ0सं0 37/2023 थाना शाहगंज की विवेचना किये जाने हेतु निम्नलिखित **विशेष जांच दल (एस0आई0टी0)** का तत्काल प्रभाव से गठन किया जाता है। इस टीम में निम्न अधिकारी नामित किये जाते है-

क्र0सं0	पद व नाम	विवरण
1.	श्री सतीश चन्द्र, अपर पुलिस उपायुक्त अपराध	मुख्य विवेचक
2.	श्री सतेन्द्र प्रसाद तिवारी, सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली	सह-विवेचक
3.	निरी0 श्री ओम प्रकाश, विवेचना सेल, अपराध शाखा	सह-विवेचक

विशेष जांच दल (एस0आई0टी0) को निर्देशित किया जाता है कि विवेचना को उपरोक्तानुसार साइन्टिफिक (वैज्ञानिक) तरीके से गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण करेंगे।

16/4/2023.

(रमित शर्मा)
पुलिस आयुक्त
प्रयागराज।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ ।

1- पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, लखनऊ।
2- विशेष पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था, उ0प्र0 लखनऊ।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं उपरोक्तानुसार अनुपालन सुनिश्चित किये जाने हेतु ।

1. अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, प्रयागराज।
2. पुलिस उपायुक्त नगर, प्रयागराज।
3. अपर पुलिस उपायुक्त अपराध, प्रयागराज।
4. सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली/धूमनगंज, प्रयागराज।
5. निरी0 श्री ओम प्रकाश, विवेचना सेल, अपराध शाखा, प्रयागराज।